# घरेलू गैस सिलेंडर का होटल-रेस्टोरेंटों में हो रहा उपयोग

## घरेलू गैस सिलेंडर के लिये लोग परेशान, खाद्य विभाग भी नहीं कर रहा कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 सितम्बर, मऊगंज जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर आम उपभोक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता सुबह से ही एजेंसी के चक्कर काटते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के कई होटल, रेस्टोरेंट, चाट-चाउमीन और अन्य खाद्य पदार्थों के ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं.**



स्थानीय लोगों का आरोप है कि घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाले सिलेंडरों का व्यावसायिक गतिविधियों में खुलेआम उपयोग किया जा रहा है. इतना ही नहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग दूसरे उपभोक्ताओं की कॉपियां लेकर भी गैस एजेंसी पहुंचते हैं, जिससे वास्तविक उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में परेशानी होती है. कुछ स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों को कथित तौर पर ब्लैक में बेचने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं. सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि घरेलू गैस की कमी या आपूर्ति को लेकर आम उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, तो फिर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और ठेलों तक घरेलू सिलेंडर कैसे पहुंच रहे हैं.

शहर में जगह जगह दुकानों और खाद्य ठेलों पर घरेलू सिलेंडर दिखाई देने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है. जानकारों के मुताबिक होटल, रेस्टोरेंट, चाट-चाउमीन तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए गैर-घरेलू (कमर्शियल) गैस सिलेंडर की व्यवस्था है, जो घरेलू सिलेंडर से अलग होता है. इसके बावजूद यदि दुकानदार घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल कर रहे हैं तो यह जांच का विषय है. जनता का सवाल है कि आखिर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक कब लगेगी? गैस एजेंसी से लेकर संबंधित आपूर्ति विभाग और प्रशासन को शहर में घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग, कथित ब्लैक बिक्री तथा व्यावसायिक उपयोग की जांच कर वास्तविक उपभोक्ताओं को राहत दिलाने की जरूरत है.

जिले का हनुमना हो मऊगंज हो या नईगढ़ी या फिर देवतालाब क्यों हो हर जगह उपभोक्ताओं की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि शासन के नियमानुसार एजेंसी होल्डर को चाहिए कि घर-घर जाकर गैस सिलेंडर की सप्लाई करें लेकिन दुर्भाग्य यह की होम डिलीवरी का पैसा तो लिया जाता है लेकिन होम डिलीवरी किया नहीं जाता लोगों को लंबा सफर कर एजेंसी में जाना पड़ता है वहां भी दिन भर लाइन लगाना पड़ता है तब जाकर गैस सिलेंडर मिल पाते हैं वही होटल वालों को यह गैस सिलेंडर जो घरेलू उपयोग का है सहज ही उपलब्ध हो जाता है उनके प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग समानता हो चुका है इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए.



# गौरी विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 सितम्बर, संदीपनी श्री आरआर डी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरी में आज शिक्षक दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया. कार्यक्रम का आयोजन हहञ्ज कंपनी के सौजन्य से किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप पटेल, हनुमना एसडीएम, राजेश मेहता तहसीलदार सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. अतिथियों और विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं. कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शिक्षकों के योगदान और विद्यार्थियों के जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. वहीं विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया. पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला. कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने आयोजन को सफल बनाने में आभार व्यक्त किया.

# जन चेतना समिति के जिला अध्यक्ष बनाए गए इस्तहाक खान

नवभारत न्यूज



**गुढ़, 6 सितम्बर, मानव अधिकार जन चेतना समिति भारतवर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गोपाल सिंह बघेल एवं राष्ट्रीय महासचिव केएन सिंह की अनुशंसा पर गुढ़ क्षेत्र के युवा समाज सेवी इस्तहाक खान को रीवा जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.**

इस्तहाक खान की नियुक्ति पर रीवा जिले के सभी युवा समाजसेवी जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सिंह एवं राष्ट्रीय महासचिव केएन सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इस्तहाक खान को मानव अधिकार जन चेतना समिति का रीवा जिले के अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई दी है. बधाई देने वालों में नगर परिषद गुढ़ के श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, उपमा सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता सिंह, पार्षदगण श्रीमती गीता तिवारी, ओम त्रिपाठी, दुर्गेश गुप्ता, सरोज उपाध्याय, मुमताज खान, अर्चना साकेत, पुष्पा प्रजापति, शंकर लाल बंसल, बबिता यादव, शशि प्रभा गुप्ता, जगदीश गोटिया, बिमला रावत, समाजसेवी श्री महेंद्र उपाध्याय , प्रदीप त्रिपाठी, सज्जन सिंह, उमाशंकर पांडे ,पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह, दिनेश उपाध्याय, पूर्वपार्षद प्रयाग कोरी मिठाई लाल सोनी, दिनेश पांडे, अस्ताब खान ,टीपू खान ,शमीम मंसूरी, अबुलास मंसूरी, नर्मदा प्रजापति, फारुक खान, शाहिद कुरेशी, रावेन्द्र उपाध्याय, राजीव उपाध्याय, संजीव शर्मा आदि शामिल है.

# तलवार लहराकर लोगों को धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 सितम्बर, हनुमना तहसील क्षेत्र के शाहपुर थाना पुलिस ने ग्राम दुबिया ( चौहाना ) में आयोजित मेले के दौरान तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे की तलवार भी बरामद की है. पुलिस के अनुसार 4 सितम्बर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चौहाना-दुबिया गेट के पास एनएच-135 हाईवे रोड पर एक व्यक्ति हाथ में लोहे की धारदार तलवार लेकर मेले में आने-जाने वाले लोगों को डराकर भयभीत कर रहा है. सूचना मिलते ही चौकी खटखरी एवं थाना शाहपुर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए आरोपी अरिदमन शुक्ला उर्फ हरिदमन शुक्ला उर्फ दद्दू शुक्ला, पिता आनंद शुक्ला, उम्र 27 वर्ष, निवासी बरांव शुक्लान, थाना शाहपुर, जिला मऊगंज को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 343/26, धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया.

# हनुमना में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का महापर्व

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 6 सितम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना नगर में भगवान योग योगेश्वर कृष्ण का प्राकट्य उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया.**

इस वर्ष की विशेषता रही की समस्त धर्म एवं संप्रदायों के लोगों ने 4 सितंबर को ही एक साथ समूचे विश्व के साथ हनुमना में भी भगवान का प्रकट उत्सव मनाया. उल्लेखनीय है कि नगर के समस्त मंदिरों में कई दिनों से चल रहे जन्माष्टमी महा महोत्सव के पर्व को भव्य दिव्य ऐतिहासिक बनाने के लिए जहां कार्यकर्ता रात दिन एक कर रहे थे वही इस वर्ष सभी धर्मावलंबियों के मतानुसार 4 सितंबर को ही एक साथ जन्माष्टमी महापर्व पढ़ने से समस्त मंदिरों में एक दिन ही जन्माष्टमी महोत्सव पढ़ने से भारी संख्या में श्रद्धालु निकले वहीं मौसम भी साफ रहा दिन भर धूप एवं रात में भी पानी की बूंदे तक नहीं पड़ी जिसके चलते सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं का देर रात तक पूजन दर्शन एवं प्रसाद लेने का सिलसिला चलता रहा. रामलीला मैदान स्थित परम तपस्वी सिद्ध संत स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली धर्मशाला के ऊपर स्थित स्वामी माधवाचार्य आश्रम में भगवान के पूजन दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला रात्रि 2:30 तक अनवरत चलता रहा वहीं दूसरे दिन भी काफी भक्तों ने पहुंचकर भगवान के दिव्य मोहन भोग का प्रसादग्रहण अपने आप को धन्यवाड़ते रहे. नगर के श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय सीधी रोड स्थित में दिव्य श्री बैकुंठम में भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य उत्सव महामहोत्सव में भगवान का षोडशोपचार जहां पूजन किया गया वही शालिग्राम स्वरूपों में विराजमान भगवान के समस्त अवतारों का दिव्य दर्शन तथा दिव्या मोहन भोग के प्रसाद का वितरण किया गया.



# लौर पुलिस ने शुरू की वाहनों की चेकिंग

नवभारत न्यूज

**देवतालाव, 6 सितम्बर, पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रीना सिंह के नेतृत्व में लौर पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया.**



अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच की गई तथा वाहन चालकों के दस्तावेज, हेलमेट और यातायात नियमों के पालन की जांच की गई. चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की समझाइश भी दी. पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना बताया गया. अभियान में एएसआई रमेश भारती, हेड कांस्टेबल अवनीश पाण्डेय, आरक्षक अजय मौर्य, शत्रुघ्न सिंह एवं प्रकाश द्विवेदी सहित पुलिस बल मौजूद रहा.

# गुढ़ नगर परिषद में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 6 सितम्बर, भारतीय सर्व सेवा संगठन के गुढ़ नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रपाल उपाध्याय के निज निवास पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया.**



जन्माष्टमी के पावन अवसर पर उनके घर पर भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई. परिवार के छोटे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के स्वरूप में सज-धज कर सभी का मन मोह लिया. बच्चों के माथे पर वैष्णव तिलक और कृष्ण वेश में मोरमुकुट सभी के आकर्षण का केंद्र रहा. इस दौरान घर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया. देर शाम भगवान की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रपाल उपाध्याय कद्दू गुरु ने समस्त गुढ़ नगर वासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रेम, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देता है. कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे.



# इस दुख की घड़ी में हम सभी एकजुट हैं : सिद्धार्थ

## प्रभावित क्षेत्रों में विधायक का दौरा जारी

नवभारत न्यूज

**त्योंथर, 6 सितम्बर, त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का विधायक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा लगातार दौरा किया जा रहा है. वे निरंतर प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी ले रहे हैं.**

विधायक श्री तिवारी ने कहा कि इस दुख और संकट की घड़ी में हम सभी प्रभावित परिवारों के साथ एकजुट होकर खड़े हैं. उन्होंने बताया कि वे अतिवृष्टि एवं उससे उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर निरंतर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संपर्क में हैं और मुख्यमंत्री स्वयं त्योंथर विधानसभा क्षेत्र की स्थिति से अवगत हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विधानसभा क्षेत्र के अतिवृष्टि प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राहत राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावित लोगों का जनजीवन पुनः एक बार पटरी पर आ सके. विधायक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के लिए शासन और प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है तथा राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी. उल्लेखनीय है कि जब से त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ की स्थित निर्मित हुई है तब से लगातार विधायक सिद्धार्थ तिवारी क्षेत्र में बने हुए है और संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़े है.

# भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक 10 को

गुढ़, 6 सितम्बर, भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक 10 सितंबर को श्री भागवत पैलेस गुढ़ में दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी. बैठक में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. साथ ही भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार त्रिपाठी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. बैठक के साथ भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा. बैठक में भाजपा मंडल गुढ़ के सभी पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्य आदि मौजूद रहेगे.

# खाद्य अधिकारी की कार्रवाई पर उठे सवाल, दुकानदारों ने लगाया मनमानी का आरोप

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 6 सितम्बर, जिले में खाद्य विभाग द्वारा की जा रही जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई को लेकर अब दुकानदारों में नाराजगी सामने आने लगी है.**

विनोद ट्रेडर्स सहित अन्य दुकानदारों ने खाद्य अधिकारी अमित तिवारी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि सैंपल लेने के बाद दुकानदारों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है. दुकानदारों का कहना है कि एक ही दुकान से दो से तीन हजार रुपये तक की सामग्री सैंपल के नाम पर ले ली जाती है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है. दुकानदारों के अनुसार वे अपनी दुकानों पर विभिन्न कंपनियों की ब्रांडेड खाद्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बेचते हैं. इनमें नमकीन, साबुन, बिस्किट, वाडीलाल वेनिला आइसक्रीम, पास्ता सहित अन्य पैक्ड सामग्री शामिल है. दुकानदारों का कहना है कि इन उत्पादों की खरीद वे संबंधित कंपनियों या अधिकृत सप्लायर से करते हैं. इसके बावजूद यदि किसी उत्पाद के नमूने में कमी पाई जाती है तो कार्रवाई का भार केवल दुकानदार पर डालना उचित नहीं है. दुकानदारों ने विशेष रूप से वाडीलाल वेनिला आइसक्रीम के मामले का हवाला देते हुए बताया कि विभाग द्वारा उक्त उत्पाद को अमानक बताए जाने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया है.

दुकानदारों का सवाल है कि यदि किसी ब्रांडेड कंपनी द्वारा निर्मित उत्पाद का नमूना अमानक पाया गया है तो संबंधित निर्माता कंपनी को भी नोटिस देकर जवाबदेह क्यों नहीं बनाया गया? दुकानदारों का कहना है कि वे निर्माता नहीं बल्कि केवल विक्रेता हैं. कंपनी द्वारा तैयार और पैक किए गए उत्पाद को वे बाजार में बेचते हैं. ऐसे में यदि उत्पाद गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो निर्माता कंपनी की भूमिका की भी जांच होना चाहिए.

**दुकानदारों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग**-दुकानदारों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि खाद्य विभाग की सैंपलिंग और नोटिस की प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए. साथ ही यह स्पष्ट किया जाए कि अमानक पाए गए उत्पाद के मामले में निर्माता कंपनी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है. दुकानदारों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन कराने के लिए जांच और कार्रवाई आवश्यक है, लेकिन कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जिसमें निर्माता से लेकर सप्लायर और विक्रेता तक की जिम्मेदारी स्पष्ट हो. केवल दुकानदारों को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में असंतोष बढ़ रहा है. अब देखने वाली बात यह होगी कि खाद्य विभाग इन आरोपों पर क्या स्पष्टीकरण देता है और क्या कार्यवाही की जाती है.

# मां शीतला गौशाला में मनाया गया जन्माष्टमी

नवभारतन्यूज

**चाकघाट, 6 सितम्बर, जन्माष्टमी के अवसर पर माँ शीतला गौशाला में धूमधाम के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया. जिसमें संस्था के अलावा स्थानीय लोग उतसाह पूर्वक शामिल हुए.**

विगत 4 सितंबर को जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विकासखंड पशुचिकित्सा अधिकारी पी0 के0 मिश्रा जी के निर्देशन में एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी अधिकारी डॉ सुनील यादव जी के कुशल मार्गदर्शन में सूरज विकास समिति सेंगरवार चाकघाट द्वारा मां शीतला गौशाला सेंगरवार, सतपुरा में गौ माता की पूजा कर जन्माष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया. जिसमें गौमाता की विधिवत वैदिक रीति-रिवाज के साथ पूजा अर्चना किया गया, और सभी गौवंशों को गले में घंटी, केला, मिठाई, गुड़, लाई, इत्यादि का भोग लगाया गया, तथा गौमाता से क्षेत्र और समाज की मंगल कामना की प्रार्थना की गई. कार्यक्रम में संस्था के सचिव शिवा कांत पांडेय, गौ सेवक शीतला प्रसाद दूबे, गौसेवक रमेश मांझी, गौ सेवक गुलाब सिंह सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

# नलजल सप्लाई बंद, बिजली का बहाना बना रहा विभाग

## नगर परिषद सिरमौर का मामला, 20 दिन से समस्या

नवभारत न्यूज

**सिरमौर, 6 सितम्बर, सिरमौर नगर परिषद क्षेत्र में नल जल प्रदाय योजना के तहत जो बीहर नदी चचाई से जल सप्लाई किया जाता है लगभग 20 दिनों से बंद है,वैसे भी जल सप्लाई नियमित रूप होती भी नहीं है,जल आपूर्ति सम्बन्धी जब कभी शिकायत भी की जाती है तो अधिकारियों द्वारा संतोषप्रद ज़बाब न देकर यह कहा जाता है कि बिजली की आपूर्ति बराबर नहीं मिल रही.**

नगर परिषद सिरमौर में इन दिनों नलकूपों से जो पेय जल सप्लाई होता है उनके कई वार्डों के गेट वॉल खराब हैं जो गड्ढे में हैं जब सप्लाई होता है तो गड्ढे भर जाते हैं जब मोटर बंद होता है तो वही गंदा पानी पाइप लाइन चूस कर अगले दिन उपभोक्ताओं को पीने के लिए सप्लाई हो जाता है, कर्मचारियों व आम उपभोक्ताओ द्वारा सीएमओ से गेट वॉल की मांग करते हैं तो सीएमओ मेडम मोटर निकालने की बात करती हैं, इस सम्बन्ध में संचालनालय नगरीय प्रशासन भोपाल के पत्र क्रमांक 11030 दिनांक 30/7/2026 का हवाला देती हैं जबकि उस पत्र में एचटी कनेक्शन के काटने का उल्लेख है , निकायों की आर्थिक स्थिति मजबूत सम्बन्धी विषय, एचटी कनेक्शन का मतलब होता है 33 हजार की लाइन से ट्रांसफार्मर लगाकर 25 एचपी द्धश्च के मोटर पंप से ऊपर के कनेक्शन लेना. अगर नगर परिषद स्थित पुराने नलकूपों से सप्लाई न की जाय तो आम नागरिकों व उपभोक्ताओं को इस भरी बरसात में पानी पीने के लाले पड़ जाएं. उपभोक्ता गणों द्वारा यह भी कहा जाता है कि नल जल सप्लाई योजना का पानी अधिकांशतः गंदा ही आता है जो पीने लायक नहीं रहता,कभी कभी तो छोटी छोटी मछलियां भी आ जाती हैं. अवलोकन में यह पाया गया कि फिल्टर प्लांट में नीचे की सतह पर लगभग एक फिट काई व गंदगी जमा है जबकि अभी ठेकेदार के अंडर गारंटी में सप्लाई का कार्य चल रहा है.

इस भीषण बारिश के मौसम में अगर इसी तरह का गंदा पानी बिना फिल्टर किया हुआ सप्लाई किया जाता रहा तो आम जन बीमार ग्रस्त हो जाएंगे. जल ही जीवन है' इसे चरितार्थ करना नगर परिषद सिरमौर की जवाब दारी है. स्वच्छ जल और इस समय क्षेत्रीय समस्याओं का यथार्थ प्रकटीकरण भी अभिशाप बन रहा है.